# आकाशवाणी शिमला

## 14.08.2026 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे

### पुलिस सेवा पदक

केंद्र सरकार ने स्वतंत्रता दिवस 2026 के अवसर पर पुलिस, अग्निशमन सेवा, होम गार्ड और नागरिक सुरक्षा व सुधार सेवा के एक हजार 57 कर्मियों को वीरता और सेवा पदक देने की घोषणा की है। गृह मंत्रालय ने आज वीरता के तीन सौ एक पदकों की सूची जारी की। इनमें पुलिस कर्मियों के लिए दो सौ 72 और अग्निशमन सेवा के कर्मियों के लिए 29 पदक शामिल हैं। वीरता पदक जीवन और संपत्ति की रक्षा, अपराध रोकने या अपराधियों को पकड़ने में उल्लेखनीय साहस दिखाने के लिए प्रदान किया जाता है।

### विभाजन स्मृति दिवस

आज विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस है। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 1947 में हुए भारत विभाजन से प्रभावित सभी लोगों के साहस को याद किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि हम विभाजन से प्रभावित सभी लोगों के साहस को याद करते हैं। इतिहास का वह क्षण जिसने कई जिंदगियों को तहस–नहस कर दिया, अपनों को खो दिया गया और असहनीय पीड़ा भी सहनी पड़ी। नरेंद्र मोदी ने कामना की कि यह दिन हमारे राष्ट्र में सद्भाव व भाईचारे को बनाए रखने के हमारे संकल्प को और मजबूत करेगा।

### मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कल देर रात नई दिल्ली में कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मुलाकात कर राज्य सरकार और संगठन से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष को राज्य सरकार द्वारा जनहित में किए जा रहे कार्यों से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस संगठन महासचिव के.सी. वेणुगोपाल और पार्टी की प्रदेश मामलों की प्रभारी रजनी पाटिल के साथ भी बैठक की और संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर चर्चा की।

इस बीच मुख्यमंत्री आज बिलासपुर ज़िले में घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र के निहारी में राज्य स्तरीय महोत्सव का शुभारंभ करेंगे। वे स्कूली बच्चों के अलावा वन संरक्षण के क्षेत्र में कार्य करने वाले लोगों को पौधे भी वितरित करेंगे। इस वर्ष वन विभाग ने प्रदेश में 50 लाख पौधे रोपने का लक्ष्य रखा है।

## फसल बीमा योजना

राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही मौसम आधारित फसल बीमा योजना से बागवानों को अपनी फसलें मौसम की मार से बचाने में मदद मिल रही है। आकांक्षी ज़िला चंबा में बड़ी संख्या में बागवान इस योजना का लाभ उठा रहे हैं।

## हिमाचल–स्वतंत्रता दिवस

हिमाचल प्रदेश का राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह कल हमीरपुर ज़िले के बड़सर के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल में आयोजित किया जायेगा, जहां मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू समारोह की अध्यक्षता करेंगे और तिरंगा फहराएंगे। राज्य सरकार ने कल 15 अगस्त को राज्य के सभी सरकारी स्कूलों में स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। ऐसे में प्रदेश के सभी स्कूल कल खुले रहेंगे और बड़सर में होने वाले राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्यमंत्री के संबोधन का सभी स्कूलों में सीधा प्रसारण किया जाएगा।

## मौसम

प्रदेश के अनेक भागों में आज से एक बार फिर मॉनसून की भारी वर्षा हो रही है। मौसम विभाग ने आज से राज्य में मॉनसून के फिर से सक्रिय होने की संभावना जताई और मण्डी व सिरमौर ज़िलों के लिये आज भारी वर्षा का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा कांगड़ा, चंबा, बिलासपुर और ऊना ज़िलों के कुछ स्थानों पर भारी वर्ष का यलो अलर्ट है। चंबा ज़िले में भी आज सुबह से ही भारी वर्षा हो रही है। ऐसे में उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने लोगों से नदी–नालों के समीप न जाने और भारी वर्षा की स्थिति में मणिमहेश यात्रा न करने की अपील की है।